भारत सरकार
भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा)
हिमाचल प्रदेश, शिमला – 171 003

Government of India
Indian Audit and Accounts Department
Principal Accountant General (Audit)
Himachal Pradesh, Shimla-171 003

सत्यमेव जयते

परिपत्र (प्रशासन)

विषयः **अप्रैल, 2025 में सहायक पर्यवेक्षकों /वरिष्ठ लेखापरीक्षकों हेतु आयोजित की जाने वाली प्रोत्साहन परीक्षा के बारे।**

सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि सहायक पर्यवेक्षकों /वरिष्ठ लेखापरीक्षकों की प्रोत्साहन परीक्षा **अप्रैल, 2025** में आयोजित की जाएगी । परीक्षा देने के इच्छुक वरिष्ठ लेखापरीक्षक, **जो 01 अप्रैल 2025** को वरिष्ठ लेखापरीक्षक सवंर्ग मे कम से कम एक वर्ष का सेवा काल पूर्ण कर लेंगे, से निर्धारित प्रपत्र में **21.03.2025** तक आवेदन आमन्त्रित किए जाते हैं । परीक्षा की तिथि बाद में सूचित की जाएगी ।

सभी सम्बन्धित सहायक पर्यवेक्षक /वरिष्ठ लेखापरीक्षक सावधानी पूर्वक नोट करें कि उक्त परीक्षा में वित्त लेखे तथा लेखा परीक्षा (Finance and Accounts & Audit) से सम्बन्धित 2 घण्टे **समयावधि** का वस्तुनिष्ठ (बहुवैकल्पिक प्रश्न) **Objective Type (MCQ) पैटर्न** पर आधारित प्रश्न पत्र होगा, **उक्त परीक्षा का** पाठ्यक्रम (Syllabus) **परिपत्र के** साथ संलग्न किया गया है जो कि पुस्तकों की सहायता के बिना **हल** किया जाना अनिवार्य है । **इस परीक्षा को उतीर्ण करने हेतु 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।**

उत्तीर्ण प्रत्याशी एक अग्रिम वेतन वृद्धि के पात्र हो जाएगे । आवेदन करने से पूर्व सभी अभ्यर्थी अपनी पात्रता सुनिश्चित करें। **प्रत्याशी हिंदी या अंग्रेजी माध्यम का** विकल्प अपने आवेदन पत्र में स्पष्ट रूप से भरें। आवेदन पत्र शाखा अधिकारियों द्वारा सिफारिश किए जाने चाहिए । अस्पष्ट एवं अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे ।

केवल वही सहायक पर्यवेक्षक /वरिष्ठ **लेखापरीक्षक, जिन्होने अपने सेवाकाल में अभी तक उक्त परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।**

परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी है । -हस्ता/-

वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन)

पृ0सं0: प्रशासन/ले0प0/प्रो0 परीक्षा/व0ले0प0/2024-25/4101-07 दिनांकः 20.02.2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. सचिव, प्रधान महालेखाकार
2. सभी 'क' श्रेणी अधिकारी
3. कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी (ई-मेल द्वारा)
4. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (ले०व०ह०) पंजाब,चंडीगढ़,160017 को प्रतिनियुक्ति पर तैनात कर्मचारियों के सबंध में सूचनार्थ
5. कार्यालय राष्ट्रीय तकनीकी अनुसन्धान संस्थान,नई दिल्ली -110047 को प्रतिनियुक्ति पर तैनात श्री दीपक वाही,व०ले०प० के सबंध में सूचनार्थ
6. कार्यालय के अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान,नई दिल्ली को प्रतिनियुक्ति पर तैनात श्री आसेन्द्र धामा,व०ले०प० के सबंध में सूचनार्थ
7. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (प्रशासन), राष्ट्रीय लेखापरीक्षा एवं लेखा अकादमी, शिमला-4

20/02

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन)